हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

11 नूना माजरा पीएचसी में स्टाफ का अभाव



12 नेहरू कॉलेज में गर्वित और आरती बने बेस्ट एथलीट



खबर संक्षेप

केमिस्ट शॉप पर कैमरे लगाने और 3 माह का बैकअप रखने के निर्देश

झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चिन्हित अपराध, नारकोर्ड तथा साइबर फ्रॉड से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नशे से संबंधित गतिविधियों पर निगरानी मजबूत रखी जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने केमिस्ट की दुकानों पर सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सीसीटीवी फुटेज का कम से कम तीन माह का बैकअप सुरक्षित रखा जाए।

कूड़ा, पराली व प्लास्टिक वेस्ट जलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

झज्जर। एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए दिन-रात निगरानी की जाए। खुले में कूड़ा-कचरा, पराली और प्लास्टिक वेस्ट जलाने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए गठित टीमें दिन और रात सक्रिय रहें तथा शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें। सड़कों, खाली प्लॉटों और अन्य खुले स्थानों पर कचरा जलाने की घटनाओं पर विशेष नजर रखी जाए।

साल्हावास ब्लॉक में सेवा सेतु कैंप आज

झज्जर। जिलाभर में सेवा संकल्प अभियान के तहत आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके नजदीक पहुंचाने के उद्देश्य से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सेवा सेतु कैंप लगाए जा रहे हैं। जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बताया कि 14 अक्टूबर को साल्हावास ब्लॉक मुख्यालय तथा 15 अक्टूबर को माछरौली ब्लॉक व गांव भूरावास में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए जाएंगे।

संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

झज्जर। गांव खेतावास में संदिग्ध परिस्थितियों में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 31 वर्षीया गंगाजल पत्नी सुनील कुमार के तौर पर हुई है। गंगाजल आठ माह की गर्भवती थी। उसे सोमवार की रात अचानक कमर में दर्द होने लगा। जब उसकी तबीयत अधिक बिगड़ी तो परिजन उसे उपचार के लिए अस्तपाल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका मूल रूप से यूपी के बलिया की रहने वाली थी।

चलो बुलावा आया है...
मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़े भक्त





बेरी (हरिभूमि न्यूज)। नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने माता के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना करते हुए अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मन्नत मांगी। आह्वान, संकल्प और नाद के रूप में आराध्य यह देवी सरस्वती का रूप हैं। देवी के इस स्वरूप को साकार मानते हुए भक्तों की भीड़ मां भीमेश्वरी देवी के मंदिर में उमड़ी। धार्मिक माहौल में खास तौर पर बेरी क्षेत्र में बाजार का कामकाज भी काफी बढ़ा है। स्थानीय बाजार में दुकानें देर रात तक खुली रहती हैं। जिसके कारण पूरा माहौल एक अलग ही अहसास करवाता है। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध यहां देखने को मिल रहे हैं। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है। बता दें कि माता भीमेश्वरी देवी का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। यहां पर प्रदेश के कई जिलों व कई राज्यों से श्रद्धालु पूजा के लिए आते हैं।

बामड़ोली में कर्मचारियों ने किया दगा
पेट्रोल पंप से 82 हजार लेकर 2 सेल्समैन भागे

- एक सेल्समैन तीन साल से था तो एक 8 दिन पहले आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव बामड़ोली में स्थित एक पेट्रोल पंप पर वारदात हो गई। पंप पर काम करने वाले दो सेल्समैन तिजोरी से रुपये निकालकर चंपत हो गए। पंप संचालक की शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बामड़ोली के निवासी रितेश का कहना है कि नाहरा-नाहरी रोड पर गांव में उनका पेट्रोल पंप है। पंप पर मिनसेंत समद निवासी दिल्ली तीन साल से बतौर सेल्समैन काम कर रहा था। उसने मुझसे निजी काम के लिए 28 हजार 851 रुपये एडवांस लिए थे। इसके बाद उसका साथी दलीप आठ दिन पहले काम सीखने के लिए आया था। उसने भी 4 हजार 20 रुपये एडवांस लिए। गत 25 सितंबर की रात को दोनों बिना बताए पंप से भाग गए। जांच करने पर पंप की एकत्र हुई 82 हजार 824 की राशि गायब मिली। इसके बाद कैमरे चेक किए तो फुटेज में रात दो से ढाई बजे के बीच जाते हुए नजर आए। अगली सुबह करीब 6 बजे जब मैं पंप पर पहुंचा तो वहां कोई नहीं मिला। उनके मोबाइल पर कॉल की लेकिन संपर्क नहीं हो सका। तिजोरी चेक की तो उसमें कोई पैसा नहीं था। फिर डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। आरोपियों को काबू कर राशि वसूल की जाए। उधर, लाइनपार थाना पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

मंडी का डीसी ने किया दौरा, किसानों-आढ़तियों ने बताई समस्या
डाटा मिस मैच होने से नहीं बिक पा रही फसल, धर्मकांटे में भी गड़बड़

- उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने पोर्टल पर डाटा दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया
- मंगलवार को करीब ढाई हजार क्विंटल धान की खरीद की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। अनाज मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए डीसी।

स्थानीय अनाज मंडी में धान और बाजरे की आवक जोरों पर है। मंडी परिसर में बाजरे की ऊंची-ऊंची ढेरियां लगी हुई हैं, वहीं धान की फसल को भी धूप में सुखाने के लिए बिछाया जा रहा है। डीसी वर्षा खांगवाल ने जब मंगलवार को अनाज मंडी का दौरा किया तो किसानों व आढ़तियों ने उनके सामने अपनी समस्याएं बताईं। किसानों ने डाटा मिस मैच होने के कारण फसल न बिकने की शिकायत की। इस पर डीसी ने पोर्टल में डाटा ठीक करवाने का आश्वासन दिया। बता दें कि डाटा मिस मैच होने से फसल न बिकने की समस्या कई दिन से चली आ रही है। वहीं, मंगलवार को करीब ढाई हजार क्विंटल धान की खरीद की गई है। अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि बाजरे व धान की फसल खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि डाटा मिस मैच के कारण कुछ किसानों को बाजरे की फसल बेचने में परेशानी हो रही है, लेकिन डीसी वर्षा खांगवाल ने मंडी दौरे के दौरान आश्वासन दिया है कि किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा और पोर्टल पर डाटा को दुरुस्त करवा दिया जाएगा। मंडी में फसल लेकर आए हुए किसानों को डाटा मिस मैच होने के कारण अपनी फसल को वापिस नहीं ले जाना पड़ेगा। मंडी दौरे के दौरान आढ़तियों ने धर्मकांटा को दुरुस्त करवाने की मांग भी रखी, जिसे डीसी ने जल्द ठीक करवाने का आश्वासन दिया।

प्रधान विनोद पूनिया ने बताया कि मशीन से निकले हुए धान की 3800-3950 रुपये प्रति क्विंटल जबकि हाथ से निकले हुए धान की 4250-4275 प्रति क्विंटल के मुताबिक बोली लगाकर खरीद की जा रही है। मंगलवार को करीब ढाई हजार क्विंटल धान की खरीद की गई है।

डीसी ने व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

डीसी वर्षा खांगवाल ने मंगलवार को अनाज मंडी का जायजा लेते हुए खरीफ फसलों की खरीद प्रक्रिया और किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में मौजूद किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और खरीद प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।



झज्जर। शहर में प्रदर्शन करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

कांग्रेस के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन, फूंका राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्राओं की शिकायतों से जुड़े मामले को लेकर भाजपाइयों ने महिला मोर्चा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया और राहुल गांधी का पुतला फूंककर कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ रोष जताया। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर पार्टी को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद डॉक्टर अंगोमचा बिमोल अकोइजम, जो जेएनयू में प्रोफेसर रह चुके हैं, से जुड़े मामले में छात्राओं की शिकायतें गंभीर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अंक बढ़वाने के नाम पर छात्राओं के कथित शोषण का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व की जवाबदेही तय करने की मांग की। इस दौरान जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़, सरोज राठी, सुनीता चौहान, मनीष बंसल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। राहुल का पुतला फूंकते हुए भाजपाई।

साइबर ठगी में आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

साइबर क्राइम थाना की टीम ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर हुई 9.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम प्रबंधक निरीक्षक दर्शन सिंह ने बताया कि बहादुरगढ़ क्षेत्र निवासी ने शिकायत दी थी कि उसे टेलीग्राम के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने का झांसा दिया गया। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग तारीखों में फोन-पे और आरटीजीएस के माध्यम से कुल 9 लाख 80 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए, जिसे ठगों ने हड़प लिया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान रेवन्तरम निवासी मोहर नगर, जिला फलोदी, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

एमआईआई क्षेत्र में अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के पोल तोड़े, आपूर्ति बाधित

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। क्षेत्र में अनियंत्रित वाहन लगातार बिजली की तारों और खंभों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब एमआईई क्षेत्र में पोल तोड़े जाने का मामला सामने आया है। यहां पार्ट बी में एक अनियंत्रित ट्रक ने एचपोल तोड़ दिए। इससे आपूर्ति बाधित हुई और जब निरीक्षण किया तो मामले का पता चला। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और मरम्मत कार्य शुरू किया। जेई लोकेश की ओर से इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में कहा गया है कि ट्रक चालक की लापरवाही से न केवल करीब 3 लाख का आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि कार्य भी प्रभावित हुआ है। उधर, एमआईई चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ 2 काबू

- किसान चौक पर छापा मारकर टीम ने कार में आठ शीशियों के साथ दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पुलिस की एवीटी सेल ने प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से आठ शीशियां बरामद हुई। उनके खिलाफ आसौदा थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

आरोपियों की पहचान संदीप और तरूण के रूप में हुई है। दोनों आसौदा गांव के रहने वाले हैं। दरअसल, एवीटी टीम को सूचना मिली थी कि ये दोनों नशीली दवा बेचते हैं। फिलहाल अपनी आई 20 गाड़ी लेकर इसी मंशा से किसान चौक पर मौजूद हैं। इस पर टीम वहां गई और दोनों को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर दोनों के पास से प्रतिबंधित कफ सिरप की आठ शीशियां बरामद हुईं। पुलिस ने गाड़ी और नशीली दवा कब्जे में ले ली है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

ऑटो व बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत, एक घायल

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। गांव छारा के निकट ऑटो और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल के बयान पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छारा गांव से मातन के बीच पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, पुलिस ने ऑटो चालक की पहचान कर केस दर्ज किया

मृतक की पहचान करीब 27 वर्षीय अंकित के रूप में हुई है। वह झज्जर जिले के रइया गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, वह बाइक पर सवार होकर अपने दोस्त अमन निवासी चरखी दादरी के साथ बहादुरगढ़ की तरफ आ रहा था। जब छारा गांव से मातन के बीच पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो हादसे का शिकार हो गए। अमन का आरोप है कि ऑटो बेढंगे तरीके से चल रहा था। बिना कोई इंडिकेटर या इशारा दिए अचानक चालक ने मोड़ दिया। इससे हमारी बाइक टकरा गई। हमें छारा सीएचसी में ले जाया गया। जहां अंकित को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। ऑटो का नंबर पुलिस को मिल गया है।

अभिनंदन
मलेशिया से जीतकर लौटी भारतीय फुटबॉलर निधि का जोरदार स्वागत
हालातों को मात दे दागे गोल, अब चीन में दिखाएगी दम

- अगले साल चीन में होने वाले एशियन फुटबॉल कप के लिए भारतीय टीम ने क्वालीफाई किया, हिसार की निधि भी टीम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। निधि का अभिनंदन करते पूर्व भारतीय कोच रोहित पाराशर।

चीन में अगले साल होने वाले एशियन फुटबॉल कप के लिए भारतीय टीम ने क्वालीफाई कर लिया है। क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम की खिलाड़ी निधि का मंगलवार को यहां बहादुरगढ़ में खेल प्रेमियों द्वारा जोरदार अभिनंदन किया गया। उसे जीत की बधाई देते हुए भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया गया।

निधि मूल रूप से हिसार जिले से है। प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी है और मेन स्ट्राइकर की भूमिका में खेलती है। दरअसल, मलेशिया में एशियन कप क्वालीफायर राउंड के तहत 5 से 11 अक्टूबर तक यह प्रतियोगिता हुई। कई एशियन देशों के खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया। भारतीय टीम ने सीरिया, इराक और मलेशिया को हराकर अंडर-17 एशियन कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। इस भारतीय टीम में हिसार मूल की खिलाड़ी निधि का भी अहम योगदान रहा। अंतिम मुकाबले में गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। निधि भारतीय टीम में मेन स्ट्राइकर की भूमिका में खेलती है।

ग्रेट संस्था की मदद से कैंप में गई थी

दरअसल, निधि के सिलेक्शन में दिक्कतें आ गई थीं। तब ग्रेट संस्था के डायरेक्टर एवं पूर्व भारतीय कोच रोहित पाराशर व कोच सुदर्शन आदि ने उसकी मदद की। अंतिम क्षणों में दिक्कतों का समाधान करा उसे कैंप में भेजा। निधि ने भी अपनी मेहनत में कोई कसर नहीं छोड़ी और देश का परचम लहरा दिया। स्वदेश लौटने पर ग्रेट संस्था की ओर से एयरपोर्ट पर निधि का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद बहादुरगढ़ के गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स में निधि और उसके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। निधि ने अपने प्रदर्शन का श्रेय दादा-दादी, माता-पिता, डायरेक्टर रोहित पाराशर, कोच विनय, सुदर्शन व टीम स्टाफ को दिया। कोच सुदर्शन ने कहा कि निधि बेहद होनहार है।

आयु सीमा पूरी कर चुके 5931 वाहनों को घर से भी जब्त करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जिला परिवहन अधिकारी रवीश हुड्डा ने कहा कि जिले में आयु सीमा पूर्ण कर चुके डीजल व पेट्रोल के वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस एवं परिवहन प्राधिकरण की विशेष टीमें गठित की गई हैं। सर्वोच्च न्यायालय व वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पेट्रोल वाहनों के लिए 15 वर्ष तथा डीजल वाहनों के लिए 10 वर्ष आयु सीमा निर्धारित की गई है। डीटीओ रवीश हुड्डा ने कहा कि जिला में आयु सीमा पूर्ण कर चुके कुल 5931 बस, ट्रक व अन्य वाहन चिह्नित किए गए हैं। इन वाहनों में से वाणिज्य वाहन मालिकों को एक माह पूर्व नोटिस देकर अपना वाहन खुद एनडीसी या स्क्रैप द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर भेजने का समय दिया गया था, जो अब समाप्त हो चुका है। पेट्रोल के ऐसे 746 वाहन चिह्नित किए गए हैं, जबकि डीजल के 5185 वाहन हैं। रवीश हुड्डा ने कहा कि इन वाहन मालिकों को दी गई समय सीमा समाप्त हो चुकी है। ऐसे वाहन सड़क पर अथवा घर पर भी मिलने पर वाहन को सीधा स्क्रैप सुविधा केंद्र भेज दिया जाएगा तथा स्क्रैप की राशि जिला खजाना कार्यालय में जमा करवा दी जाएगी।



बहादुरगढ़। संबंधित कर्मचारियों की बैठक लेते डीटीओ रवीश हुड्डा।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

12 गांवों की साढ़े 33 हजार आबादी की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित

नूना माजरा पीएचसी में स्टाफ के अभाव में नए उपकरण हो गए बेकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़





लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्थापित नूना माजरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में स्टाफ की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। यहां डॉक्टरों से लेकर नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन और फार्मेसी ऑफिसर तक के पद खाली पड़े हैं। हालात यह हैं कि अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों और सुविधाओं का भी लोगों को पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। लैब में जांच के लिए इस्तेमाल होने वाली किट तक एक्सपायर हो चुकी हैं, जबकि डेंटल चेयर, लेबर रूम और अन्य सुविधाएं भी पर्याप्त स्टाफ के अभाव में बेकार साबित हो रही हैं।

बता दें कि शहर से सटी इस पीएचसी से करीब 12 गांवों की साढ़े 33 हजार आबादी जुड़ी हुई है। इसके अलावा एचएल सिटी, ओमैक्स और टाटा जैसे आवासीय क्षेत्र भी इससे जुड़ गए हैं। यहां संचालित 44 आंगनवाड़ी केंद्र भी इसी स्वास्थ्य केंद्र से कनेक्ट हैं। ऐसे में क्षेत्र की बढ़ती आबादी के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत है, लेकिन मौजूदा स्टाफ की स्थिति लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। स्वास्थ्य केंद्र में एक एमओ इंचार्ज नियुक्त है, जबकि एक अन्य मेडिकल ऑफिसर का पद स्वीकृत होने के बावजूद खाली पड़ा है। दो नर्सिंग ऑफिसर के पदों में से एक पर तैनात कर्मचारी अवैतनिक अवकाश पर चली गई है। लैब टेक्नीशियन का एक पद रिक्त है, जिसके कारण जांच व्यवस्था प्रभावित हो रही है और जांच किट एक्सपायर होने की स्थिति सामने आई है। इसी तरह फार्मेसी ऑफिसर का एक पद भी खाली है। स्वास्थ्य केंद्र में एक डेंटल सर्जन का पद है, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित चिकित्सक यहां नहीं आते। इसके बावजूद अस्पताल में डेंटल चेयर उपलब्ध है, जिसका क्षेत्रवासियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा। वहीं, दो एएनएस में से एक की मृत्यु हो चुकी है। स्टाफ की कमी के चलते डिलीवरी जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं को लेकर भी लोगों की चिंता बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अस्पताल में डॉक्टरों और डिलीवरी के लिए प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता ही नहीं होगी, तो भवन और उपकरण होने का क्या फायदा?

प्राथमिक उपचार की सुविधाएं की जाएं नियमितः रोहतास



रोहतास मलिक का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी दूर कर जांच, दवा और प्राथमिक उपचार की सुविधाएं नियमित की जानी चाहिए। स्टाफ की कमी के कारण मरीजों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूसरे अस्पतालों का रुख करना पड़ सकता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों का समय तथा पैसा खर्च होता है। आपात स्थिति में दूसरे अस्पताल तक पहुंचने की परेशानी भी बढ़ सकती है।

भवन व उपकरण उपलब्ध करवाना पर्याप्त नहीं



पीएचसी में सुविधाओं को लेकर आरटीआई लगा चुके हरिओम जून का कहना है कि केवल भवन और उपकरण उपलब्ध करवाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए योग्य कर्मचारियों की तैनाती भी जरूरी है। यहां लैब और डेंटल चेयर जैसी सुविधाएं मौजूद होने के बावजूद उनका पूरा उपयोग नहीं होना चिंता का विषय है। सरकार को उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग सुनिश्चित करना चाहिए। ताकि सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए भी दूर न जाना पड़े।

पीएचसी में रिक्त पदों को जल्द भरा जाए



सुरेश कुमार का कहना है कि यदि स्वास्थ्य केंद्र में प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध नहीं होगा, तो महिलाओं को मजबूरी में दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ेगा। बच्चों की तबीयत खराब होने पर सबसे पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र का ही सहारा लिया जाता है। नूना माजरा पीएचसी में रिक्त पदों को जल्द भरा जाए। यहां डॉक्टर और जांच सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि बच्चों को समय पर उपचार मिल सके।

सरपंच एसो. ने की पंचायत संबंधी समस्याओं के निपटान की मांग

■ यदि शिकायतकर्ता की शिकायत गलत पाई जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में उपस्थित सरपंच एसो. सदस्य एवं पदाधिकारी।

सरपंच एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी सदस्य मंगलवार को पंचायत संबंधी समस्याओं के निपटान की मांग को लेकर लघु सचिवालय पहुंचे। यहां उन्होंने डीसी को ज्ञापन सौंप कर उनसे समस्या के समाधान की मांग की। एसोसिएशन के जिला प्रधान बलवान हसनपुर ने डीसी को दिए गए ज्ञापन की जानकारी देते हुए कहा कि यदि कोई शिकायतकर्ता अवैध कब्जों की शिकायत करता है तो स्वयं पैमाइश करवाकर पंचायत के समक्ष पेश करें, सातवीसीएल केस का समय निर्धारित किया जाए, शिकायत कर्ता से एफिडेविट लिया जाए, यदि शिकायतकर्ता की शिकायत गलत पाई जाती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, इसके अलावा उन्होंने कहा कि पंचायत पेमेंट संबंधी पोर्टल भी पिछले कई दिनों से नहीं चल रहा उसे सुचारू किया जाए। इसके उपरांत मौके पर उपस्थित ग्राम सरपंच व सरपंच प्रतिनिधियों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बलवान हसनपुर के अलावा अनिल जौंधी, राकेश गुढ़ा, संदीप सुर्खपुर टप्पा हवेली, हंसबीर कोडान कबलाना, राज नारायण बिरड़ माजरा, सुमित छोछी, राव वीरेंद्र रामपुरा, धनीरवास रमेश जाखड़, खेड़ी खुम्मार से राजकुमार, गिजाड़ौद से नरेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

मंत्री से माइनर में कचरा डंपिंग रुकवाने की मांग

बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात कर शहर में पेयजल सप्लाई करने वाली बहादुरगढ़ माइनर में हो रही कचरा डंपिंग को रुकवाने के लिए मांग-पत्र सौंपा। जसबीर सैनी ने बताया कि माइनर में भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा डाला जा रहा है, जबकि इसी माइनर से शहर को पीने के पानी की सप्लाई होती है।

पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी से मुलाकात कर रखी शहर की समस्याएं

साथ ही माइनर किनारे अनाधिकृत घाट बनाकर अवैध गतिविधियां भी की जा रही हैं। इस मामले को कई महीनों पहले भी विभाग के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मंत्री से मांग की है कि सुरक्षा की दृष्टि से माइनर की सभी पुलियों पर जाल व रेलिंग लगवाई जाए, ताकि कूड़ा-कचरा माइनर में जाने से रुके और भविष्य में कोई दुर्घटना भी न हो।

शादी का झांसा देकर शोषण करने का आरोप लगाया

बहादुरगढ़। शादी का झांसा देकर महिला के शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। महिला ने पांच साल पुराने अपने परिचित युवक पर दुष्कर्म करने, जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। फिलहाल लाइनपार थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता शहर की एक कॉलोनी की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक, पांच साल पहले वह लाइनपार के निवासी एक युवक के संपर्क में आ गई। युवक ने खुद को अविवाहित बताया और कहा कि वह उसका पति से तालाक कराकर शादी कर लेगा। इस तहत भरोसा जीतकर उसने नजदीकियां बढ़ा ली। शादी का झांसा देकर वह पांच साल तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा।

महिला ने अपने पांच साल पुराने परिचित युवक पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया

खबर संक्षेप

गैर-अधिकृत कॉलोनियों में प्लॉट खरीदारी न करें नागरिकः अंजू

झज्जर। डीटीपी अंजू ने बताया कि क्षेत्र के गांव सौंधी व याकूबपुर में बिना लाइसेंस, सीएलयू, एनओसी प्राप्त किए अवैध रूप से कॉलोनी विकसित करने वालों पर प्रशासन की नजर है। जिसमें कुछ चिन्हित किला/खसरा नंबरों में अवैध निर्माण की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नवीनतम राजस्व अभिलेख (जमाबंदी, इंतकाल आदि) उपलब्ध कराएं और साथ ही इन खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार की बिक्री, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण या क्रियान्वयन न करें। उन्होंने बताया कि गांव सौंधी के किला नंबर 24//11, 12, 19, 20, 21, 22 व याकूबपुर गांव के किला नंबर 61//7/1/2, 8/2/1, 60//11/2/1/2, 20/1/3 में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना लाइसेंस के प्लाट बिक्री की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त खसरा नंबरों से जुड़े किसी भी प्रकार के सेल-डीड, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या फुल पेमेंट एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड करने पर रोक लगाई गई है।

त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में बढ़ी भीड़ अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की दरकार

बहादुरगढ़। त्योहारी सीजन के चलते बाजारों में भीड़भाड़ बढ़ गई है। अतिक्रमण के कारण बाजारों में हालात बिगड़ रहे हैं। सड़कों पर रखे तख्त, फ्लैक्स बोर्ड सहित अन्य सामानों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित है। शाम के वक्त समस्या गंभीर हो रही है। हालांकि नगर परिषद की ओर से इस दिशा में कार्रवाई शुरू की गई है। रेलवे रोड, झज्जर रोड से फ्लैक्स बोर्ड आदि उठाए गए हैं लेकिन कार्रवाई और तेज करने की दरकार है। शहर के निवासी नवीन का कहना है कि त्योहार के मद्देजनर मुख्य बाजारों में चौपहिया वाहनों की एंट्री रोकी जाए। सड़क पर अतिक्रमण कर रहे दुकानदारों पर कार्रवाई की जाए।

खेल प्रेमियों ने स्टेडियम की जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत दी

बहादुरगढ़। बादली रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में समस्याओं का अंबार है। स्टेडियम की कुछ जमीन पर कब्जे की भी आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में खेल प्रेमियों ने एसडीएम आफिस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। बलजीत और रमेश आदि का कहना है कि स्टेडियम के एक हिस्से में अतिक्रमण था। एसडीएम के संज्ञान में आने के बाद उस हिस्से को अतिक्रमण मुक्त कर चार दीवारी की गई थी। लेकिन अब कुछ लोग उस दीवार को तोड़कर जमीन पर पुनः कब्जा करने की सोच रहे हैं। इसके अलावा अवैध तरीके से नाली बनाकर स्टेडियम की जमीन पर गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। इस हिस्से में बैडमिंटन कोर्ट या बास्किंग रिंग बन जाए तो इस तरह की समस्या खत्म हो। उन्होंने कहा कि स्टेडियम परिसर में जगह जगह लोगों द्वारा गंदगी डाली गई है। यहां स्वच्छता अभियान चलाया जाए। इसके अलावा सतह को समतल करने, माली, चौकीदार आदि की व्यवस्था करने तथा सुविधाओं को बढ़ाने की जरूरत है।

खरीद सुनिश्चित करने के साथ मुआवजा दे सरकारः जयकरण

बहादुरगढ़। संयुक्त किसान मोर्चे की नेशनल कोर्डिनेशन कमेटी के सदस्य जयकरण मांडौठी ने कहा कि सरकार ने 30 सितंबर तक फसल खरीद के लिए कोई प्रबंध नहीं किए। पहली अक्टूबर से खरीद शुरू हो गई, परंतु किसी ना किसी बहाने से खरीद एजेंसियों ने एक दाना भी बाजरे का नहीं खरीदा है। सरकार के कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री जानते थे कि बाजरे और अगेते धान की फसल मंडियों में आने वाली है। धान के भी यही हाल है। मंडियां धान व बाजरे से अटी पड़ी हैं। कई दिनों से हो रही बारिश के कारण लाखों टन धान व बाजरा बर्बादी के कगार पर है। मोर्चा सरकार से मंडियों में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई की मांग करता है। खेतों में खड़ी फसलों में हुए नुकसान के लिए स्पेशल गिरदावरी कराने और 50 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने की मांग करता है।

ई-चालान का फर्जी लिंक खोलते ही फोन हैक, खाते से 90 हजार रुपये कटे

रोहतक। गाड़ी के चालान का भुगतान करने के लिए भेजे गए एक लिंक पर क्लिक करना सांपला निवासी अर्जुन ओहल्याण को महंगा पड़ गया। चालान भरने की प्रक्रिया समझकर खोले गए लिंक के बाद उनके फोन में गड़बड़ी शुरू हो गई। बैंकिंग एप काम करना बंद हो गईं। अगले दिन फोन रीस्टार्ट करने पर फोनपे के ओटीपी मिले तो पता चला कि उनकी पत्नी के बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकल चुके हैं।

छारा में स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेल, इको क्लब एवं नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर द्वारा विस्तार व्याख्यान आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी गई।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्वेता के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में प्राध्यापिका गीतांजलि ने व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, स्वच्छ वातावरण तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी अच्छी आदतें अपनाने और अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। किया गया। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेल के प्रभारी डॉ. अश्वनी कुमार ने प्लास्टिक कचरे से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों, एकल-उपयोग प्लास्टिक के सीमित प्रयोग तथा प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के महत्व को समझाया।

प्राध्यापिका गीतांजलि ने व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, स्वच्छ वातावरण तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला

डॉ. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को रिड्यूस, रियूज व रिसाइकिल के सिद्धांत अपनाने तथा प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। शैक्षणिक संस्थान पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। महाविद्यालय में आयोजित इन व्याख्यानों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का विषय है। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे इन संदेशों को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाएं तथा जागरूक नागरिक बनकर देश के सतत विकास में योगदान दें।

खबर संक्षेप



युवा विकास की नई दिशा तय करने वाले शिल्पकार

झज्जर। मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला संयोजक दिनेश शेखावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मक सोच और उद्यमिता के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि विकास की नई दिशा तय करने वाले शिल्पकार भी हैं। युवाओं की प्रतिभा और तकनीकी ज्ञान का सही उपयोग समाज से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किया जाना चाहिए।

खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करे सरकार



झज्जर। हरियाणा के किसानों की मौजूदा समस्याओं को लेकर जेजेपी के जिला प्रवक्ता डॉक्टर विकास पाराशर ने कहा कि प्रदेश का किसान आज फसल की खरीद, उचित भाव, खाद की उपलब्धता, बढ़ती कृषि लागत और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर न मिलने जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। किसान दिन-रात मेहनत करके देश का पेट भरता है, लेकिन जब उसकी फसल मंडी में पहुंचती है तो उसे खरीद, उठान और भुगतान की प्रक्रिया में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि धान की खरीद में देरी और मंडियों में फसल के उठान की समस्या किसानों की चिंता बढ़ा रही है।

अवैध हथियार के साथ युवक किया गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नितेश के रूप में हुई है। लाइनपार का रहने वाला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नितेश नए अड्डे के पास एक युवक हथियार लेकर खड़ा है। इस पर टीम ने मौके पर जाकर उसे काबू किया। तलाशी लेने पर अवैध हथियार बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

निपुण हरियाणा : शिक्षक प्रशिक्षण शुरू



झज्जर। निपुण हरियाणा के अंतर्गत राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में मंगलवार से छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की भूमिका बीआरपी सरिता और बीआरपी प्रांजलि निभा रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण पद्धतियों, कक्षा-कक्ष प्रक्रियाओं, शैक्षणिक सामग्री के उपयोग और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाने के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा गतिविधि आधारित एवं बाल केंद्रित शिक्षण को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने पर जोर दिया जाएगा। प्राचार्या ने शिक्षकों को प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी करने, समय का महत्व समझने और यहां प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण निपुण हरियाणा के लक्ष्यों को हासिल करने और शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



शिविर में 233 ने कराई स्वास्थ्य जांचा

बहादुरगढ़। शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल में डी-3 डायग्नोस्टिक लैब की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ सदस्यों, अभिभावकों व पड़ोसियों समेत 233 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। डा. नीरज शर्मा, नेहर रमन, यश, मुस्कान, चेतन ने शिविर में आने वालों की जांच की। स्कूल संचालक प्रवीण कुमार शर्मा और प्राचार्य राजेश्वरी देवी ने बच्चों, स्टॉफ व आमजन से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पौष्टिक आहार लेने के लिए भी प्रेरित किया। कैंप के आयोजन में अंजली, कीर्ति शर्मा, सुमन, शालू, नेहा, अनुराधा व रानी आदि ने विशेष सहयोग दिया।

निपुण के तहत छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू

संख्यात्मक ज्ञान शिक्षा का आधारः राजबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्रारंभिक साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंगलवार से 19 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को गतिविधि आधारित और बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने, समझने तथा बुनियादी गणितीय गणनाओं की दक्षता विकसित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पुनिया ने बताया कि मिशन का उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर हर बच्चे में पढ़ने, लिखने, समझने और बुनियादी गणितीय गणनाएं करने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। गतिविधि आधारित और बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को सरल, रुचिकर और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन कर शिक्षकों की सहभागिता और कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान बच्चों की आगे की शिक्षा का आधार है। इसलिए शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों और गतिविधियों को अपनाकर विद्यार्थियों की बुनियादी दक्षताओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सविता, नीलम, सुमन और सुरेंद्र कुमार शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीईओ शेर सिंह, खंड निपुण समन्वयक सरिता सरोहा, प्राचार्या मंजू बाला तथा मुकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

ब अदालत जनाब सहायक कलैक्टर ए.सी. प्रथम श्रेणी झज्जर।
केस नं. 56/ तह./09/3/26
तारीख पेशी. : 23.10.26 खेवट नं. : 958
1. उमेद सिंह पुत्र सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह
2. गीता विधवा हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह
3. मोनी पुत्री हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह
4. कविता पुत्री हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह
5. लोकेश पुत्र हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह निवासीयान गांव खेडी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर। ....फरीक अव्वल
बनाम
1. जगदीश पुत्र मदनलाल पुत्र फतेह सिंह, 2. अशोक कुमार पुत्र मदनलाल पुत्र फतेह सिंह, 3. कृष्ण पुत्र मदनलाल पुत्र फतेह सिंह, 4. नगीना पत्नी कृष्ण पुत्र मदनलाल पुत्र फतेह सिंह निवासीयान गांव खेडी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर।, 5. श्रीमती ज्योती पत्नी दीपक पुत्र कुन्दन निवासी अमादलपुर तह. व जिला झज्जर बिस्वेदार गांव खेड़ी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर।, 6. सुनीता पुत्री सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह हाल पत्नी बजरंग सिंह पुत्र नानहड सिंह निवासी बसई नजदीक सी.सै. स्कूल तह. व जिला महेन्द्रगढ़ व बिस्वेदार गांव खेड़ी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर।, 7. बाला पुत्री सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह हाल पत्नी हरपाल सिंह पुत्र रामकुंवार सिंह निवासी पाली तह. व जिला महेन्द्रगढ़ हाल आबाद शकर कुई कालोनी, बुचोली रोड, सिगरी महेन्द्रगढ़ तह. व जिला महेन्द्रगढ़ व बिस्वेदार गांव खेड़ी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर।
.....फरीक दौयमगण
उपरोक्त शीर्षक के मुकदमे में उक्त प्रतिवादी / प्रतिवादीगण समन की तामिल करने से जानबूझकर बचते है और छिप गये है, इसलिए उक्त प्रतिवादीगण के नाम यह विज्ञापन (इश्तहार) जारी किया है यदि उक्त प्रतिवादी दिनांक 23.10.26 को प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो इस समबन्ध में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।
आज दिनांक 13.10.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुद्रांक सहित जारी हुआ।
Sd/- A.C. 1st Grade, Jhajjar

ब अदालत जनाब सहायक कलैक्टर ए.सी. प्रथम श्रेणी झज्जर।
केस नं. 57 /तह./09/3/26
खेवट नं. : 342, 361, 488
तारीख पेशी : 23.10.26
1. उमेद सिंह पुत्र सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह, 2. गीता विधवा हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह, 3. मोनी पुत्री हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह, 4. कविता पुत्री हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह, 5. लोकेश पुत्र हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह निवासीयान गांव खेडी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर। ....फरीक अव्वल
बनाम
1. जगदीश पुत्र मदनलाल पुत्र फतेह सिंह, 2. अशोक कुमार पुत्र मदनलाल पुत्र फतेह सिंह, 3. श्रीमती ज्योती पत्नी दीपक पुत्र कुन्दन निवासी अमादलपुर तह. व जिला झज्जर बिस्वेदार गांव खेड़ी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर, 4. सुनीता पुत्री सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह हाल पत्नी बजरंग सिंह पुत्र नानहड सिंह निवासी बसई नजदीक सी.सै. स्कूल तह. व जिला महेन्द्रगढ़ व बिस्वेदार गांव खेड़ी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर, 5. बाला पुत्री सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह हाल पत्नी हरपाल सिंह पुत्र रामकुंवार सिंह निवासी पाली तह. व जिला महेन्द्रगढ़ हाल आबाद शकर कुई कालोनी बुचोली रोड, सिगरी महेन्द्रगढ़ तह. व जिला महेन्द्रगढ़ व बिस्वेदार गांव खेड़ी तालुका पाटौदा तह. व जिला झज्जर।
.....फरीक दौयमगण
उपरोक्त शीर्षक के मुकदमे में उक्त प्रतिवादी / प्रतिवादीगण समन की तामिल करने से जानबूझकर बचते है और छिप गये है, इसलिए उक्त प्रतिवादीगण के नाम यह विज्ञापन (इश्तहार) जारी किया है यदि उक्त प्रतिवादी दिनांक 23.10.26 को प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो इस समबन्ध में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।
आज दिनांक 13.10.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुद्रांक सहित जारी हुआ।
Sd/- A.C. 1st Grade, JHAJJAR

66वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

नेहरू महाविद्यालय में गर्वित व आरती बने बेस्ट एथलीट

प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा, सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना सीखें और चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करें





झज्जर। दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी व विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य दलबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की 66वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का मंगलवार को समापन हुआ। जिसमें बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी गर्वित शर्मा को सर्वश्रेष्ठ छात्र खिलाड़ी चुना गया जबकि बीए तृतीय वर्ष की आरती सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी बनी। इस दौरान अपने संबोधन में प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित कर बड़ी प्रतियोगिताओं की तैयारी करनी चाहिए। सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना सीखें और चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करें।

ये रहे परिणाम :लड़कों की पांच हजार मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का साहिल प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष का आशीष द्वितीय और बीसीए प्रथम वर्ष का पंकज तृतीय स्थान पर रहे। सौ मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष का गर्वित शर्मा प्रथम, बीए प्रथम वर्ष का दिनेश द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष का गौरव तृतीय स्थान पर रहे। भाला फेंक में बीए प्रथम वर्ष का गर्वित शर्मा प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष का कुणाल द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष का शुभम तृतीय स्थान पर रहे।

तीन टांग दौड़ में गर्वित और कुणाल की जोड़ी प्रथम, गौरव और पंकज की जोड़ी द्वितीय तथा सुमित और श्यामदास की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। वहीं लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष की आरती प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की कीमत द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की प्रिया तृतीय स्थान रही। आठ सौ मीटर दौड़ में बीए प्रथम वर्ष की प्रिया प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की रूपांक्षी द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की महंत तृतीय स्थान पर रही।

भाला फेंक में बीए तृतीय वर्ष की आरती प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की रूपांक्षी द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की प्रिया तृतीय स्थान पर रही। मटका दौड़ में बीए प्रथम वर्ष की नेहा प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष की भावुक द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की मुस्कान तृतीय स्थान पर रही।

याद बहुत आते हैं वो दिन...

कभी घर-घर गूंजते थे सांझी के गीत, अब धुंधली पड़ रही परंपरा

सांझी के बहाने बैठती थीं गली-मोहल्ले की महिलाएं

कभी हरियाणा के गांवों और कस्बों में नवरात्र शुरू होते ही सांझी की तैयारियां शुरू हो जाती थीं। घरों की दीवारों पर गोबर और मिट्टी से सांझी बनाई जाती थी। उसे रंग-बिरंगे कागजों, फूलों, सितारों और विभिन्न आकृतियों से सजाया जाता था। सांझी के पारंपरिक गीत गूंजते थे और पूजा-अर्चना के साथ घर-आंगन में उत्सव जैसा माहौल बन जाता था। यह केवल धार्मिक परंपरा नहीं थी, बल्कि महिलाओं के आपसी मेल-मिलाप, लोकगीतों और हरियाणवी संस्कृति को जीवंत रखने का माध्यम भी थी। समय के साथ जीवनशैली बदली और मनोरंजन के साधन भी बदल गए। घरों में टेलीविजन, मोबाइल और सोशल मीडिया की पहुंच बढ़ी तो सामूहिक रूप से लोकगीत गाने और सांझी सजाने की परंपरा भी धीरे-धीरे सिमटने लगी। अब बहुत कम घरों में सांझी देखने को मिलती है। कभी नवरात्र के दिनों में जिसकी चर्चा और तैयारियां कई दिन पहले शुरू हो जाती थीं, वह परंपरा आज अनेक परिवारों में केवल बुजुर्ग महिलाओं की यादों तक सीमित होती जा रही है। हरियाणा में सांझी लोक आस्था और पारंपरिक लोककला का महत्वपूर्ण प्रतीक रही है। नवरात्र की शुरुआत में महिलाएं घर की दीवार पर सांझी बनाती थीं। कई जगह इसे गोबर और मिट्टी से तैयार किया जाता था, जबकि कुछ स्थानों पर रंगों, फूलों और कागजों से भी सजावट की जाती थी। सांझी केवल दीवार पर उकेरी गई आकृति नहीं, बल्कि हरियाणा की उस सांस्कृतिक दुनिया की याद है, जहां त्योहार सामूहिकता, गीतों और आपसी अपनत्व के साथ मनाए जाते थे। आज जरूरत है कि सांझी को केवल बीते समय की याद बनकर न रहने दिया जाए।



सांखोल निवासी शीला रामबीर ने बताया कि सांझी के बहाने गली-मोहल्ले की सभी महिलाएं मिल बैठती थीं। किसी के घर में खुशी हो या कोई परेशानी, आपस में बातचीत हो जाती थी। त्योहार केवल पूजा करने तक सीमित नहीं रहते थे, बल्कि सभी को एक-दूसरे के करीब लाते थे। आज लोगों के पास समय कम है। सब अपने-अपने काम में व्यस्त रहते हैं। यदि कुछ परिवार मिलकर यह परंपरा शुरू करें तो दूसरे लोग भी प्रेरित होंगे। हमारी संस्कृति तभी बचेगी, जब हम इसे केवल याद नहीं करेंगे, बल्कि अपने जीवन में भी अपनाएंगे।

नवरात्र का सभी को रहता था बेसब्री से इंतजार



शीला जाखड़ ने बताया कि उनके समय में नवरात्र शुरू होने का इंतजार रहता था। सांझी बनाने के लिए पहले से तैयारी की जाती थी। दीवार को साफ करके गोबर और मिट्टी से सांझी बनाई जाती थी। फिर उसे सुंदर तरीके से सजाते थे। घर की महिलाएं ही नहीं, आसपास की दूसरी महिलाएं भी इसे देखने आती थीं। आज जब पीछे मुड़कर देखती हैं तो लगता है कि उस समय त्योहारों का आनंद ही अलग था। आज की पीढ़ी के पास मनोरंजन के अनेक साधन हैं, लेकिन सामूहिक लोक परंपराओं में भागीदारी कम हो गई है।

महिलाएं गाती थीं पारंपरिक गीत

सुदेश गहलौत के अनुसार हमने अपने बचपन और युवावस्था में सांझी को बहुत उत्साह से मनाया है। शाम होते ही महिलाएं एक जगह इकट्ठी हो जाती थीं। कोई गीत शुरू करती थी तो बाकी सभी उसके साथ गाने लगती थीं। कई महिलाओं को बहुत सारे पारंपरिक गीत याद थे। उन गीतों को सुनकर मन को सुकून मिलता था। अब न तो पहले जैसी महफिलें लगती हैं और न ही बच्चे इन गीतों को सीखने में उतनी रुचि लेते हैं। मुझे चिंता होती है कि कहीं हमारी यह विरासत खो न जाए। इस परंपरा को फिर से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।



फ्लोरबॉल में पारुष ने जीता स्वर्ण पदक

बहादुरगढ़। सैंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी पारुष राठी ने राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चौथी अंडर-12 एवं 20वीं अंडर-17 बालक-बालिका राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप तथा 11वीं फेडरेशन कप 2025–26 का आयोजन किया गया। इसमें पारुष राठी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। स्कूल डायरेक्टर हरिंदर सिंह व प्रधानाचार्या मधु दहिया ने पारुष को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को भी समान महत्व देता है। पारुष की यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और खेलों के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

इंटर कॉलेज स्पर्धा में मुक्केबाजों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में अभ्यास करने वाले तीन होनहार मुक्केबाजों ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। अब ये तीनों मुक्केबाज ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाले मुक्केबाजों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता में रवि कुमार ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ में आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। लवनेस सैनी ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में एसजीटी कॉलेज गुरुग्राम की ओर से आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया और मुक्केबाज सागर ने 85 किलोग्राम भार वर्ग में यूपी कॉलेज की इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीनों मुक्केबाजों की इस उपलब्धि पर कोच हितेश देशवाल, महासचिव सोमबीर अहलावत, चुन्नीलाल सैनी, जगदीश व अन्य खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। प्रतियोगिता के विजेता मुक्केबाज। फोटो : हरिभूमि

न्यूज डायरी



होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। आरईडी स्कूल में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रातःकालीन सभा में विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने 12वीं कक्षा की दिया गुप्ता और लोकेश को एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा सातवीं कक्षा की सुप्रिया को अंडर-14 कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने के चलते सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने तीनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



स्पर्धा में मीनाक्षी व कुसुमलता को मिला प्रथम स्थान

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में महिला प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर सुशील दलाल की अध्यक्षता में कार्यक्रमों का संचालन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर अन्नू ने किया। प्रतियोगिता का विषय 21वीं सदी की महिलाएं : उपलब्धियां, चुनौतियां और संभावनाएं था। निर्णायक मंडल में डॉक्टर नवीन कुमार पूनिया, शिवानी, कपिल गुप्ता और सुषमा शामिल रहे। प्रतियोगिता परिणामों में निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की मीनाक्षी ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की कुसुमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कुसुमलता ने प्रथम, मीनाक्षी ने द्वितीय और साक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया।



श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकाली कलश यात्रा

झज्जर। शहर के पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही श्री लवकुश रामलीला कमेटी द्वारा मंगलवार से रामलीला परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया है। कमेटी प्रधान महावीर सैनी ने बताया कि पहले दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के दौरान कांशी से पधारे कथा व्यास पंडित अरविंद शास्त्री अपने साथी आचार्य राघवेंद्र शास्त्री व टीम सदस्यों के साथ श्रद्धालुओं को कथा का रसापान कराएंगे। पहले दिन उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीवन सहज और सरल हो जाता है। व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है।



स्पेशल स्कूल में मनाया नवरात्रि पर्व

बहादुरगढ़। नूना माजरा स्थित नक्षत्र व आशा किरण स्पेशल स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गीत-संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उत्सव की खुशियां साझा कीं। स्कूल प्रबंधन व स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



सेवा सेतु कैंप का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

झज्जर। नागरिकों को सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मंगलवार को गांव खुड्डन में सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। बीडीपीओ धर्मपाल ने बताया कि कैंप में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जहां विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। नागरिकों को योजनाओं के लिए निर्धारित पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।



एड्स के प्रति जागरूकता के लिए निकाली रैली

झज्जर। मंगलवार को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाइक रैली निकाली गई। जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना और सीटीएम ऋतु ने नागरिक अस्पताल परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कप्तान बिरधाना ने कहा कि एड्स बीमारी से बचाव के लिए सही जानकारी और समय पर जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों से दूर रहें और प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें। रैली के माध्यम से युवाओं ने आमजन को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि सही जानकारी अपनाएं, जरूरत पड़ने पर जांच करवाएं और एचआईवी से प्रभावित लोगों के प्रति सकारात्मक सोच रखें।

एसयू में एआई व डेटा एनालिटिक्स कार्यक्रमों पर ओरिएंटेशन सत्र

झज्जर। संस्कारम विवि में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल और उद्योग की जरूरतों से परिचित कराने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स कार्यक्रमों पर ओरिएंटेशन सत्र हुआ। प्रथम वर्ष के बीटेक विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से संचालित एआई माइनर डिग्री कार्यक्रम बारे अवगत कराया। सात सेमेस्टर के इस 24 क्रेडिट कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी इंजीनियरिंग डिग्री के साथ एआई में विशेष दक्षता हासिल कर सकेंगे। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को ईवाई के एनालिटिक्स मास्टर ट्रैक की जानकारी दी गई। इसमें डेटा एनालिटिक्स, समस्या समाधान, उद्योग आधारित केस स्टडी और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन पर जोर दिया गया।





एशियन गेम्स के पदक विजेताओं का अभिनंदन

बहादुरगढ़। शिवत्रिनेत्र ग्रुप ने एशियन गेम्स में पदक जीतने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। सम्मानित कर प्रत्येक खिलाड़ी को 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ बिजेंद्र कुमार, शिवत्रिनेत्र एविएशन के डायरेक्टर जोगिंदर कुमार, सर्वेल्टी इंडिया के डायरेक्टर देवेंद्र कुमार, स्टे-पे के डायरेक्टर रोहताश और बिजनेस पार्टनर विनय राणा मौजूद रहे। हॉकी कोच एवं अर्जुन पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित प्रीतम सिवाच सहित खिलाड़ी नेहा, ज्योति रुमावत, साक्षी राणा, यशदीप सिवाच, अभिषेक नैन और सुमित भी समारोह में शामिल हुए। बिजेंद्र कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियां उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम हैं।



संस्कारम स्कूल में बस चालकों को दिया प्रशिक्षण

झज्जर। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स में मंगलवार को स्कूली बसों के चालकों और परिचालकों के लिए एक दिवसीय सुरक्षा, रखरखाव एवं ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बस एवं ट्रैक्टर निर्माता एक निजी कंपनी की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में कंपनी के मुख्य ट्रेनर सुजीत सिंह ने वाहन संचालन, तकनीकी रखरखाव और विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दीं। उन्होंने चालकों को बसों के दैनिक निरीक्षण, ब्रेकिंग सिस्टम की जांच, समय पर सर्विस, ईंधन की उपलब्धता और तकनीकी खामियों को समय रहते दूर करने बारे अवगत कराया। बच्चों को सुरक्षित तरीके से बस में चढ़ाने-उतारने, निर्धारित बस स्टॉप पर वाहन रोकने तथा इमरजेंसी एग्जिट, पैनिक बटन और फर्स्ट एड किट के सही उपयोग की जानकारी भी दी।

शहर में निकली श्रीराम बारात की झांकी

श्रीरामचंद्र ने तोड़ा भगवान शिव का धनुष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में हो रही रामलीलाओं के मंचन के दौरान मंगलवार को दिन के समय होने वाली श्री प्राचीन रामलीला में सीता स्वयंवर के दृश्यों का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर में जहां देश-देशांतर के राजा-महाराजाओं ने भाग लिया वहीं महर्षि विश्वामित्र भी अपने साथ भगवान श्रीरामचंद्र जी व लक्ष्मण को लेकर स्वयंवर में शामिल हुए। रामलीला मंचन के दौरान लंकापति रावण भी स्वयंवर में शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने पहुंचे थे। अभी रावण अपने बल का बखान ही कर रहा था कि लंका में आग लगने की आकाशवाणी होती है और दशानन रावण वहां से चला जाता है। इसके बाद सभी राजा-महाराजाओं द्वारा धनुष पर बल का प्रयोग किया जाता है लेकिन वे नाकाम रहते हैं। अंत में महर्षि विश्वामित्र के कहने पर जब भगवान श्रीराम धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के लिए जैसे ही डोरी खींचते हैं, धनुष खंडित हो जाता है और सीता माता प्रभु श्रीराम के गले में जयमाल डाल कर उन्हें पति के रूप में वरण कर लेती हैं। इसके अलावा लक्ष्मण-परशुराम संवाद के दृश्य का मंचन किया गया और रामलीला कमेटी की ओर से शहर में श्रीराम बारात की झांकी भी निकाली गई रामलीला मैदान से शुरू होकर माता गेट, छारा चुंगी, सीताराम गेट, बेरी गेट, अंबेडकर चौक से मेन बाजार होते हुए वापिस रामलीला मैदान की ओर रवाना हुई।



झज्जर। झांकी के दौरान भगवान श्रीराम की बारात में नृत्य करते शिव-पार्वती।

ताड़का वध का मंचन

उधर, रात्रि रामलीलाओं के मंचन में सोमवार की रात जहां श्री विकास रामलीला कमेटी द्वारा भगत सिंह चौक के नजदीक आयोजित रामलीला मंचन के दौरान मात- पितृ भक्त श्रवण कुमार की कथा का मंचन किया गया। वहीं पुराना बस स्टैंड परिसर में आयोजित श्रीलवकुश रामलीला में राक्षसों द्वारा महर्षि विश्वामित्र की तपस्या भंग किए जाने के बाद उनके महाराज दशरथ के पास जाकर यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम व लक्ष्मण जी को वन ले जाने, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार व जनकपुरी के राजा जनक से उनकी पुत्री सीताजी के स्वयंवर का निमत्रंण मिलने की लीला का मंचन किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10×8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900